भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 2796

बुधवार, 10 जुलाई, 2019 को उत्तर देने के लिए

अंतरिक्ष स्टेशन और मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान

2796. **श्री गजानन कीर्तिकर :**
श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :
श्री सुधीर गुप्ता :

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत का अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और भारत के प्रथम मानवयुक्त अंतरिक्ष अभियान 'गगनयान' की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ख) क्या सरकार द्वारा अंतरिक्ष स्टेशनों संबंधी रूपरेखा तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या भारत का 2022 तक अंतरिक्ष में प्रथम मानव अभियान भेजने का भी विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(घ) क्या इसरो ने अंतरिक्ष यात्रियों के चयन और प्रशिक्षण के लिए भारतीय वायु सेना के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

(क) जी हां। अंतरिक्ष स्टेशन से संबंधित गतिविधियां गगनयान कार्यक्रम का ही विस्तार होंगी।

गगनयान कार्यक्रम की स्थिति: मुख्य उप प्रणालियों के डिज़ाइन एवं संरूपण को अंतिम रूप प्रदान किया गया है। उड़ान प्रणालियों के मानव अनुकूलता से संबंधित अर्हता परीक्षण शुरू किया गया है और क्रायोजेनिक इंजन परीक्षण का कार्य प्रगति पर है। कर्मीदल प्रशिक्षण योजना को अंतिम रूप प्रदान कर दिया गया है और कर्मीदल चयन प्रक्रिया शुरू की गई है।

(ख) जी नहीं

(ग) जी हां। भारत सरकार ने गगनयान कार्यक्रम को अनुमोदन प्रदान किया है और मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान से संबंधित गतिविधियों को आयोजित करने हेतु इसरो में मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान केन्द्र (एच एस एफ सी) नामक एक नया केंद्र स्थापित किया गया है। गगनयान परियोजना टीम का भी चयन किया गया है।

(घ) जी, हां। इसरो ने भारतीय मानवयुक्त अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम हेतु कर्मीदल प्रबंधन संबंधी गतिविधियों के लिए भारतीय वायु सेना के साथ एक समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। समझौता-ज्ञापन में कर्मीदल जांच एवं चयन, कर्मीदल स्वास्थ्य प्रबंधन, यात्रा पश्चात पुनर्वास आदि शामिल हैं।

***